Phone : 0141-2791928
0141-2795529
Fax : 0141-2795550

Website : www.ruhsraj.org
Email : ruhsacademic@ruhsraj.org

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
RAJASTHAN UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES

Sector-18, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur-302033 (Raj.)

No. : F-8(187)/9th Convocation/Academic-II /2024/ 45520 Date : 3/2/2024

प्रधानाचार्य / निदेशक,
राज.स्वा.वि.वि. से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
....
....

विषय : दि. 12.03.2024 को आयोजित हो रहे राज.स्वा.वि.वि. के 9वें दीक्षान्त समारोह की सूचना एवं इसके पश्चात महाविद्यालय स्तर पर Institutional Convocation आयोजित किये जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का **9वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 12 मार्च, 2024 (मंगलवार) को बी.एम. बिडला ऑडिटोरियम, जयपुर में** आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय, राजस्थान द्वारा निम्नानुसार चांसलर्स गोल्ड मेडल, गोल्ड मेडल तथा डिग्रियां प्रदान की जावेंगी :-

डिग्री / मेडल	अभ्यर्थी, जो दीक्षान्त समारोह में आमंत्रित है
Chancellor's Gold Medal	वर्ष 2022 -- पैरामेडिकल संकाय (M.Sc. Radiation Therapy Technology)
Gold Medal	मेडिकल, डेन्टल, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी तथा पैरामेडिकल संकायों के विभिन्न स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में अन्तिम वर्ष की परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर वर्ष 2022 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राऐं
Degree	वर्ष 2022 में डी.एम., एम.सी.एच. कोर्स उत्तीर्ण करने वाले छात्र एवं वर्ष 2023 में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राऐं

विश्वविद्यालय के उक्त दीक्षान्त समारोह में उपरोक्तानुसार मेडल व डिग्री प्राप्त करने हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ruhsraj.org पर उपलब्ध है। इन छात्रों के अतिरिक्त वर्ष 2022 में विभिन्न संकायों (मेडिकल, डेन्टल, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथैरेपी एण्ड ऑक्यूपेशनल थैरेपी एवं पैरामेडिकल) के सभी स्तर (यू.जी. / पी.जी. डिग्री तथा डिप्लोमा) के विभिन्न कोर्सेज में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को उनकी डिग्री / डिप्लोमा दीक्षान्त समारोह की तिथि के बाद संबंधित महाविद्यालय स्तर के दीक्षान्त समारोह (Institutional Convocation) में प्रदान किये जाने का प्रावधान विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह ऑर्डिनेन्स में वर्णित है।

अतः आपसे निवेदन है कि दिनांक 12.03.2024 को आयोजित हो रहे विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षान्त समारोह के बाद **महाविद्यालय स्तर पर दीक्षान्त समारोह (Institutional Convocation)** आयोजित कर वर्ष 2022 में सभी संकायों (मेडिकल, डेन्टल, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथैरेपी एण्ड ऑक्यूपेशनल थैरेपी एवं पैरामेडिकल) के सभी स्तर (यू.जी./पी.जी. डिग्री तथा डिप्लोमा) के विभिन्न कोर्सेज में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित डिग्री प्रदान करें। महाविद्यालय स्तर के दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय के *दीक्षान्त समारोह ऑर्डिनेन्स* (प्रति संलग्न) की पालना सुनिश्चित की जावे। उक्त डिग्रियां विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह के पश्चात दिनांक 15.03.2024 से विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग द्वारा उपलब्ध करा दी जावेगी।

(रवि विजय)
कुलसचिव

No.: F-8(187)/9th Convocation/Academic-II /2024/ 45521-25 Date: 3/2/2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. प्रमुख सचिव, माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय, राजभवन, जयपुर
2. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, राज.स्वा.वि.वि., जयपुर
3. समस्त संकायाध्यक्ष, राज.स्वा.वि.वि., जयपुर ....
4. परीक्षा नियंत्रक, राज.स्वा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार डिग्रियां तैयार कर महाविद्यालयों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करावें।
5. कार्यालय रक्षित पत्रावली।

(डॉ. एस.एस. मुद्गल)
उप कुलसचिव
शैक्षणिक अनुभाग–II